


**दिनांक: 05-08-2025** **विज्ञापन संख्या. -नीपको-07/2025**

**कंपनी प्रोफाइल**

नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड(समान अवसर प्रदान करने वाला नियोक्ता) अनुसूची-ए, "मिनी रत्न" सीपीएसई (केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम) और एनटीपीसी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, जो भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में और 1976 के बाद से एक विश्वसनीय बिजली उत्पादन कंपनी है, जो विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत एवं विशेष रूप से पूर्वोत्तर राज्यों के लिए क्षेत्र और देश की विशाल बिजली क्षमता का दोहन करने में उनके सर्वोत्तम हित में कार्य कर रही है।
नीपको देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में सबसे बड़े जल विद्युत संयंत्र के संचालन में गर्व महसूस करता है और जल, गैस आधारित और नवीकरणीय ऊर्जा स्टेशनों के संचालन में एकमात्र सीपीएसयू है। नीपको पूर्वोत्तर क्षेत्र के अत्यधिक कठिन और भू-तकनीकी रूप से संवेदनशील इलाके में जलविद्युत परियोजनाओं की योजना, डिजाइन और निर्माण एवं संचालन का अनुभव रखता है।

नीपको, अगरतला रोजगार कार्यालय में पंजीकृत और त्रिपुरा राज्य के मूल अधिवासी योग्य उम्मीदवारों से नीपको में निम्नलिखित विवरण अनुसार पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। निम्नलिखित पद के लिए नीपको के किसी भी परिचालन क्षेत्र में कार्य करना अनिवार्य है।

| क्र सं. | पद/वर्ग | वेतनमान | रिक्तियां | 01-01-2025 अनुसार अधिकतम आयु |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वरिष्ठ हिंदी अनुवादक, (एस1) वर्ग<br>पद क्रमांक: एचआर/414 | ₹ 29,300-3%-1,19,700/- (आईडीए) | अनारक्षित-01<br>कुल: 01 | अनारक्षित - 30 वर्ष |

**योग्यता:**

**<u>वरिष्ठ हिंदी अनुवादक (एस-1 ग्रेड):</u>** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी में द्वितीय श्रेणी की डिग्री या समकक्ष, स्नातक स्तर पर अंग्रेजी एक विषय के रूप में और कंप्यूटर में दक्षता के साथ टाइपिंग में न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट।

**संक्षिप्त रूप:**

अनारक्षित श्रेणी- अनारक्षित श्रेणी और ईएसएम- एक्स सर्विसमैन

**<u>छूट और रियायतें:</u>**

भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

**आवेदन कैसे करें:**

इच्छुक पात्र उम्मीदवार केवल वेबसाइट https://neepco.co.in/ पर करियर में जाकर ऑनलाइन आवेदन करें।आवेदन जमा करने का कोई अन्य तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा।

1) आवेदन पत्र भरने से पहले विस्तृत विज्ञापन और निर्देश पढ़ें।

**2) आवेदक ने अगरतला, रोजगार कार्यालय में अपना नाम पंजीकृत कराया हो।**

**3) केवल वे अभ्यर्थी ही इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं जिनके पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी में द्वितीय श्रेणी की डिग्री या समकक्ष योग्यता हो, जिसमें स्नातक स्तर पर अंग्रेजी एक विषय के रूप में रही हो और कंप्यूटर में दक्षता के साथ टाइपिंग में न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट की गति, अगरतला रोजगार कार्यालय का वैध पंजीकरण कार्ड, त्रिपुरा सरकार द्वारा जारी स्थायी निवास प्रमाण पत्र हो।**

4) डेटा भरने पर, सिस्टम एक विशिष्ट पंजीकरण/आवेदन संख्या जनरेट करेगा।

5) प्रमाणपत्रों की स्कैन की गई प्रतियाँ सुपाठ्य होनी चाहिए अन्यथा उम्मीदवारी रद्द/अस्वीकृत मानी जाएगी।

6) **ऑनलाइन आवेदन जमा करने की प्रक्रिया 05-08-2025** से शुरू होगी और **26-08-2025** बंद हो जाएगी।

7) आवेदन करने से पहले, अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे विज्ञापन में उल्लिखित सभी पात्रता मानदंडों और अन्य मानदंडों को पूरा करते हैं। जो अभ्यर्थी अभी भी अपने पाठ्यक्रम में जारी हैं या अंतिम परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं, उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

8) यदि किसी उम्मीदवार को उसके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाता है, लेकिन वह पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है, तो उसे लिखित परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दीजाएगी।

9) **अधिकतम आयु सीमा की गणना 01-01-2025 के अनुसार की जाएगी।**

10) आवेदक/आवेदकों को आवेदन शुल्क का भुगतान करने से छूट दी गई है।

**11) आवेदन करने के चरण:**

**चरण 1:** www.neepco.co.in पर जाएं।

**चरण 2:** संबंधित विवरण के साथ ऑनलाइन आवेदन पत्र भरें और जमा करें।

**चरण 3:** ऑनलाइन पंजीकरण के लिए आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों को अपलोड करने के लिए नीचे दिए गए दस्तावेज़ों की स्कैन की गई प्रतियां तैयार रखनी चाहिए।

क) अगरतला के अंतर्गत रोजगार कार्यालय द्वारा जारी वैध पंजीकरण कार्ड और त्रिपुरा का स्थायी निवास प्रमाण पत्र **(अनिवार्य)**

ख) जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में मैट्रिकुलेशन/माध्यमिक विद्यालय प्रमाण पत्र (जिसमें जन्म तिथि दर्शाई गई हो) **(अनिवार्य)**

ग) योग्यता के समर्थन में अंकतालिकाओं और प्रमाणपत्रों का पूरा सेट, जैसे कि दसवीं, बारहवीं, स्नातक और कंप्यूटर में दक्षता, टाइपिंग में न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट **(अनिवार्य)**

घ) जाति प्रमाण पत्र [अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल)] भारत

सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में होना चाहिए (यदि लागू हो)।

ङ) स्नातक/सीजीपीए को अंकों के प्रतिशत में परिवर्तित करने का प्रमाणपत्र उस विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा प्रमाणित प्रक्रिया के आधार पर दिया जाएगा जहाँ से उन्होंने स्नातक की डिग्री प्राप्त की है।

च) नवीनतम पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ (जेपीईजी, आकार 20 केबी से 100 केबी तक)

छ) हस्ताक्षर (जेपीईजी, आकार 20 केबी से 100 केबी तक)

**चरण 4:** उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन पत्र में दिए गए अलग स्थान पर उपर्युक्त दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों (जैसा लागू हो) की स्कैन की गई प्रतियाँ अपलोड करनी होंगी।

11) आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंड और अन्य मानदंडों को पूरा करते हैं। यदि किसी उम्मीदवार को उसके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाता है, लेकिन वह पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं कराते हैं, तो उसे लिखित परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

12) उम्मीदवारों के पास एक वैध और सक्रिय ई-मेल आईडी होना आवश्यक है। उम्मीदवारों को भेजे गए किसी भी ई-मेल के वापस आने के लिए नीपको जिम्मेदार नहीं होगा।

13) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परिणाम घोषित होने तक अपनी ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर सक्रिय रखें। एक बार ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर दर्ज करने के बाद उसमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। भविष्य में सभी पत्राचार हमारे भर्ती पोर्टल के माध्यम से किए जाएँगे।

**सामान्य सूचना एवं निर्देश:**

1) उम्मीदवार के पास **अगरतला के अंतर्गत रोजगार कार्यालय द्वारा जारी वैध पंजीकरण कार्ड होना चाहिए तथा 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के उम्मीदवार त्रिपुरा के स्थायी निवासी होने चाहिए।**

2) **जो उम्मीदवार अभी भी अपना पाठ्यक्रम कर रहे हैं या अंतिम परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं, उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।**

3) न्यूनतम योग्यता और अनुभव पूरा करने मात्र से अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा के लिए बुलाए जाने का कोई अधिकार नहीं मिलेगा।

4) नीपको बिना कोई कारण बताए विज्ञापित रिक्ति को बढ़ाने / घटाने या भरने / न भरने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

5) भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर या भर्ती या शामिल होने के बाद उम्मीदवार को निरस्त कर दिया जा सकता है, अगर उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई कोई भी जानकारी गलत पाई जाती है या विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंड के अनुरूप नहीं पाई जाती है।




6) अधूरे आवेदन या निर्धारित दस्तावेज़ / प्रमाण पत्र के बिना या अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों को पूर्णतः रद्द कर दिया जाएगा।

7) यदि कोई भी प्रमाण पत्र/दस्तावेज हिंदी/अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में है, तो उम्मीदवार को सलाह दी जाती है कि वह हिंदी या अंग्रेजी भाषा में भी इसकी एक प्रमाणित अनुवादित प्रति जमा करें।

8) सरकारी विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में नियोजित उम्मीदवारों को वर्तमान नियोक्ता से निश्चित रूप से 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' प्रस्तुत करना चाहिए। यदि अभ्यर्थी निर्धारित चरण पर 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' प्रस्तुत करने में विफल रहते हैं तो उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

9) निगम किसी भी तरह की देरी, मेल बाउंसिंग या प्राप्ति न होने के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

10) इस संबंध में अंतरिम पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।

11) अपूर्ण आवेदन को पूर्णतः रद्द कर दिया जाएगा। धुंधला/अस्पष्ट फोटोग्राफ/हस्ताक्षर के साथ किए गए आवेदन को खारिज कर दिया जाएगा।

12) क्लाइंट सिस्टम की अनुकूलता, उपयोगकर्ताओं की अज्ञानता, इंटरनेट कनेक्टिविटी की अनुपलब्धता या नीपको या सिस्टम के प्रत्यक्ष नियंत्रण से परे किसी अन्य पहलू के कारण शिकायतों पर विचार नहीं किया जाएगा।

13) **सभी पत्राचार हमारे भर्ती पोर्टल के माध्यम से किए जाएंगे।**

14) अंग्रेजी के अलावा अन्य संस्करण में व्याख्या के कारण उत्पन्न होने वाली किसी भी अस्पष्टता/विवाद के मामले में, अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

15) नीपको बिना कोई नोटिस जारी किए या बिना कोई कारण बताए भर्ती प्रक्रिया में किसी भी शर्त/प्रावधान को रद्द/संशोधित/प्रतिबंधित/विस्तार/बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

16) प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रचार करने वाले उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

17) यह पद मुख्यतः पूर्वोत्तर क्षेत्र के दूरदराज के क्षेत्रों में स्थित हमारी परियोजना के लिए है, इसलिए दूरदराज के क्षेत्रों में सेवा करने के इच्छुक उम्मीदवार को ही आवेदन करना चाहिए।

18) इस विज्ञापन और/या उसके जवाब में आवेदन से उत्पन्न किसी भी विवाद के मामले में कानूनी क्षेत्राधिकार शिलांग, मेघालय होगा।

**विज्ञापन संख्या नीपको/07/2025 के तहत ऑनलाइन पंजीकरण आदि की अनुसूची**

| | |
|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण की शुरुआत** | **05-08-2025** |
| **ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण की समाप्ति** | **26-08-2025** |